इंदौर में होगा ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट

चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2023 को भारत में नेत्रहीनों के लिये क्रिकेट टूर्नामेंटों को संचालित करने वाली संस्था क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (कैबी) के चेयरमैन डॉ. महंतेश और जनरल सेक्रेटरी शैलेंद्र यादव ने बताया कि 8 से 11 दिसंबर, 2023 तक इंदौर में ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- कैबी और समर्थनम् ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में इस चार दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।
- टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया अगली ब्लाइंड भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिये खिलाड़ियों का चुनाव करेगी।
- टूर्नामेंट के आयोजक रतिमति प्रोडक्शन के डायरेक्टर अमित आचार्य ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य जोनल पुरुष टीमों को मंच प्रदान करना और देश में दिव्यांगजनों को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।
- टूर्नामेंट में कुल 7 मैच आयोजित किये जाएंगे, जिसमें 4 जोन से कुल 70 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। टीमों को इंडिया ब्लू, इंडिया रेड, इंडिया ऑरेंज और इंडिया येलो कहा जाएगा।
- यह टूर्नामेंट न केवल दिव्यांगजनों के लिये, बल्कि सभी भारतवासियों के लिये बेहद खास है। इन असाधारण खिलाड़ियों ने साल 2012 और 2014 में वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड और 2017 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/blind-cricket-tournament-will-be-held-in-indore